रंगारंग कार्यक्रमों के साथ वार्षिकोत्सव सम्पन्न

उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. सिंह का स्वागत करते निदेशक

भीमताल। बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंसेज भीमताल का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव शनिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद प्रतियोगिता के साथ सम्पन्न हो गया। शनिवार को कार्यक्रम की शुरुआत उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। उन्होंने संस्थान द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। संस्थान के चेयरमैन डॉ. प्रो. बीएस बिष्ट बताया कि बिड़ला संस्थान पहाड़ के युवाओं के लिए लाभदायक रहा है। उन्होंने तीन दिन तक चले कार्यक्रमों की सराहना करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थान के निदेशक प्रो. वीके सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। तीन दिन तक कुमाउंनी लोक संगीत, फिल्मी गीतों एवं नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने समां बांधा। इसके अलावा वाल पेटिंग, फोटोग्राफी, चित्रकला, जल रोबो, बास्केटबाल, फुटबाल, वालीबाल, क्रिकेट प्रतियोगिता में भी छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। यहां कुलसचिव डॉ. हेम चन्द्र पांडे, डॉ. संदेश त्रिपाठी, डॉ. अभय शर्मा, डॉ नितिन चिमवाल, डॉ. नीरज बिष्ट, प्रेम कुल्याल समेत तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

स्पेक्ट्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की रही धूम

स्पेक्ट्रम कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

भीमताल : बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंसेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव स्पेक्ट्रम 2024 का शनिवार को भव्य समापन हुआ। तीसरे दिन के मुख्य अतिथि वीर माधव सिंह भंडारी, उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान खेलकूद व ऐपण प्रतियोगिता, कुमाउनी नृत्य, नुक्कड़ नाटक, रोबोटिक आदि प्रमुख आकर्षण रहे। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष प्रो . बीएस बिष्ट, निदेशक प्रो . बीके सिंह, कुलसचिव डॉ . हेमचंद पांडे, संदेश त्रिपाठी, अभय शर्मा, नितिन चिमवाल, नीरज बिष्ट मौजूद रहे।